समाचार

'' रमन के गोठ '' कार्यक्रम 10 अप्रैल को

(गोठ सुनने निगम ने की विभिन्न स्थानों पर आवश्यक व्यवस्था)

कोरबा 08 अप्रैल 2016 –महत्वपूर्ण कार्यक्रम '' रमन के गोठ '' का कार्यक्रम अप्रैल माह के द्वितीय रविवार 10 अप्रैल को प्रातः 10.45 बजे से 11 बजे के मध्य सम्पन्न होगा। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आमनागरिकों को गोठ सुनने हेतु अपने क्षेत्रांतर्गत विभिन्न 06 स्थानों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह का आमजनता से सीधे संवाद किए जाने का महत्वपूर्ण कार्यक्रम '' रमन के गोठ '' इस माह के द्वितीय रविवार 10 अप्रैल को होगा। कलेक्टर श्री पी.दयानंद के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशों के अनुरूप निगम द्वारा अपने क्षेत्रांतर्गत 06 स्थानों पर गोठ सुनने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। निगम के कोसाबाड़ी जोनांतर्गत सुभाष चौक के समीप स्थित पुष्पतला उद्यान में गोठ सुनने हेतु रेडियो, टी.व्ही. आदि की व्यवस्था कराई गई है। इसी प्रकार टी.पी.नगर जोन के अंतर्गत प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम स्थित जोन कार्यालय में, कोरबा जोन के अंतर्गत गीतांजलि भवन पुराना बस स्टैण्ड कोरबा में, बालको जोन के अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड कालोनी स्थित सामुदायिक भवन में, दर्री जोन के अंतर्गत सरदार वल्लभभाई पटेल नगर स्थित जोन कार्यालय में तथा बांकीमोंगरा जोन के अंतर्गत आनंदनगर स्थित सामुदायिक भवन में यह व्यवस्थाएं कराई गई है।